सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 314 | इंदौर, सोमवार 01 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ●इंदौर के जल संकट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सख्त, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

स्वयं समीक्षा बैठक लेकर कहा—

# नागरिकों को राहत मिले, हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर शहर में उत्पन्न जल संकट की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि 24×7 जल नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्रतिदिन सुबह एवं शाम जलापूर्ति की समीक्षा की जाए। संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना लागू कर प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर राहत प्रदान की जाए।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नल सप्लाई के समय में असमानता एवं विसंगतियों को तत्काल दूर करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में संतुलित जल वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों, छात्रावासों




एवं अन्य आवासीय संस्थानों में जल उपलब्धता की विशेष चिंता करने के निर्देश दिए। साथ ही जल चोरी एवं मोटरों के माध्यम से अवैध रूप से पानी खींचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने को कहा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहर की बड़ी जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निजी एवं नगर निगम के टैंकरों की मिनट-टू-मिनट मॉनिटरिंग की जाए तथा पाइपलाइन लीकेज एवं वितरण हानि को तत्काल सुधारकर जल की बर्बादी रोकी जाए। उन्होंने कहा कि भोपाल से वरिष्ठ एसीएस स्तर के अधिकारी पूर्व में भी इंदौर का दौरा कर चुके हैं तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पुनः भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनप्रतिनिधियों एवं नागरिक समितियों के साथ नियमित संवाद एवं समन्वय बनाए रखने तथा जल संकट की स्थिति से संबंधित निरंतर जानकारी एवं प्रतिवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े और नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने शहर में जल प्रदाय की जानकारी दी।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री गोलू शुक्ला, श्री महेन्द्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, सुश्री उषा ठाकुर, श्री मधु वर्मा, श्री प्रताप करोसिया, श्री सावन सोनकर, श्री श्रवण चावड़ा, श्री गौरव रणदीवे, डॉ. निशांत खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजवाड़ा में किया आत्मीय नाश्ता



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजवाड़ा स्थित लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात अपनी सहज एवं जनसामान्य से जुड़ी कार्यशैली का परिचय देते हुए राजवाड़ा क्षेत्र में स्थित अन्ना भैया के नाश्ते की दुकान पर अचानक पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिष्ठान पर उपस्थित लाडली कन्याओं के साथ आत्मीय वातावरण में बैठकर नाश्ता किया तथा चाय का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने कन्याओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय व्यवसायियों एवं नागरिकों से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। विशेष बात यह रही कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नाश्ते के उपरांत उसकी राशि स्वयं अदा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव का यह सहज और पारिवारिक व्यवहार वहां उपस्थित नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 42 रुपये तो 5 किग्रा वाला 11 रुपये महंगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है. नई दरों के अनुसार, दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर 42 रुपये महंगा होकर अब 3113.50 रुपये का हो गया है. वहीं कोलकाता में इसकी कीमत 53.50 रुपये बढ़कर 3255.50 रुपये पहुंच गई है. ये बदलाव 1 जून से प्रभावी होगा, जिससे होटल, रेस्तरां, ढाबा और अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ सकता है. हालांकि, घरेलू इस्तेमाल के सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है.**

व्यावसायिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के गैस सिलेंडर की दरों में महानगरों के अंदर अलग-अलग बढ़ोतरी की गई है. दिल्ली में जहां प्रति सिलेंडर 42 रुपये ज्यादा देने होंगे. वहीं, कोलकाता के व्यापारियों पर 53.50 रुपये का ज्यादा वित्तीय बोझ पड़ेगा, जिससे दोनों शहरों में कमर्शियल एलपीजी के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं. कमर्शियल सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी ऐसे वक्त में हुई है, जब कारोबार पहले से ही ईंधन और परिवहन की बढ़ती लागत से जूझ रहे हैं.

# धमाके के साथ फटी नर्मदा-क्षिप्रा पाइप लाइन

## 150 फीट उछला पानी, कच्चा घर बहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के पास महू में रविवार सुबह 7:30 बजे नर्मदा-क्षिप्रा पाइप लाइन फट गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना इंदौर-खंडवा रोड स्थित भेरूघाट के पास की है। पाइप लाइन फटते ही तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और पानी का विशाल फव्वारा करीब 150 फीट ऊंचाई तक उठने लगा।**

पाइपलाइन में पानी का दबाव इतना अधिक था कि फव्वारा पास से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की ऊंचाई तक पहुंचता दिखाई दिया। उधर, पानी की समस्या के कारण ट्रेजर फेंटसी के समीप ताप्ती परिसर के रहवासियों ने बिजलपुर स्थित निगम के जल नियंत्रण ऑफिस का घेराव किया। पानी नहीं मिलने के कारण





लोगों में नाराजगी थी, जिसके चलते वे यहां पहुंचे और ऑफिस के बाहर ही रोड पर बैठ कर पानी की मांग करने लगे। भेरूघाट क्षेत्र में रहने वाले विजय कोहली और सुगंध बाई कोहली ने बताया कि उनके परिवार के पांच मकान हैं। रविवार सुबह करीब 7:30 बजे अचानक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। कुछ ही मिनटों में तेज रफ्तार से पानी उनके घरों की ओर बढ़ने लगा। स्थिति को देखते हुए परिवार के लोग जान बचाकर घरों से बाहर निकल आए। उन्होंने बताया कि पानी का बहाव इतना तेज था कि घरों में रखा घरेलू सामान, राशन और अन्य सामग्री पानी में भीग गई। कई सामान बह भी गए, जिससे हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना स्थल के पास वन विभाग की रोपणी भी स्थित है। यहां चौकीदार रमेश कोहली का कच्चा मकान बना हुआ था। स्थानीय लोगों के अनुसार पानी का बहाव इतना तेज था कि पूरा कच्चा मकान सामान सहित बह गया। वहीं भेरू बाबा मंदिर के समीप स्थित बाबा ढाबा का टीन शेड भी पानी में बह गया। स्थानीय निवासी रवि कोहली का आरोप है कि पाइपलाइन में कई दिनों से लीकेज की समस्या थी। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दी गई थी। इसके बावजूद समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। उनका कहना है कि यदि शिकायतों पर ध्यान दिया जाता तो यह बड़ा हादसा टाला जा सकता था। अब स्थानीय लोग पूरे मामले की जांच और नुकसान के आकलन की मांग कर रहे हैं।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर का आदर्श सुशासन, सेवा और सांस्कृतिक गौरव के प्रेरणास्रोत : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ यादव की गरिमामय उपस्थिति में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा से मनाया गया देवी अहिल्या बाई होलकर का जन्मोत्सव

- डेढ सौ से अधिक कलाकारों ने किया `वंदे मातरम्` का सामूहिक वादन
- जन्मोत्सव हुआ देश भक्ति की भावना से सराबोर
- भजन जेमिंग मेले ने भी बांधा समां,
- न्यायमूर्ति द्वय श्री हिमांशु जोशी और श्री आनंद सिंह बहरावत को दिया गया अहिल्या गौरव सम्मान,





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन भारतीय संस्कृति, सुशासन, लोककल्याण और धर्म संरक्षण का अद्वितीय उदाहरण है। उनकी 301वीं जयंती के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होकर उन्हें मालवा और भारत के गौरवशाली इतिहास का स्मरण हुआ। उन्होंने कहा कि एक कठिन कालखंड में अहिल्याबाई होल्कर ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, न्यायप्रियता और जनसेवा के माध्यम से ऐसे आदर्श स्थापित किए, जो आज भी रामराज्य की भावना का अनुभव कराते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इंदौर में आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पूर्ण उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में गांधी हॉल परिसर में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत एक भव्य एवं ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण लगभग 150 कलाकारों द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वादन रहा। कलाकारों की सुरमयी प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमुदाय में राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक गौरव की भावना का संचार किया। इस अवसर पर आयोजित भजन जेमिंग मेले में विभिन्न कलाकारों एवं भजन मंडलियों ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। भजनों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री हिमांशु जोशी और न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत को अहिल्या गौरव सम्मान से विभूषित किया। उत्सव के तहत आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी परस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री गोलू शुक्ला, श्री महेन्द्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, सुश्री उषा ठाकुर, श्री मधु वर्मा, श्री प्रताप करोसिया, श्री सावन सोनकर, श्री श्रवण चावड़ा, श्री गौरव रणदीवे, डॉ. निशांत खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों, लोककल्याणकारी कार्यों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का स्मरण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व सुशासन, सेवा, संस्कृति और जनकल्याण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोकमाता के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इंदौर में लोक माता देवी अहिल्याबाई होलकर की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं और अहिल्या लोक भी विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर महेश्वर और इंदौर के राजवाड़ा में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित कर उन्हें विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही प्रदेश की एक बटालियन का नाम भी महारानी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर रखा गया है, जो उनके गौरवशाली योगदान को सम्मान देने का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने जीवन में अनेक व्यक्तिगत और सामाजिक चुनौतियों का सामना किया, लेकिन हर कठिनाई को दृढ़ संकल्प और साहस के बल पर उपलब्धि में परिवर्तित किया। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद देशभर में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों का ऐसा विस्तार किया, जिसकी कीर्ति आज भी संपूर्ण भारत में गूंज रही है। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकाल सहित अनेक मंदिरों और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं पुनर्निर्माण में अहिल्याबाई के योगदान को भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण अध्याय बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल एक शासक के रूप में नहीं, बल्कि जनसेवा और सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि आज भी देशभर में उनके द्वारा कराए गए कार्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और न्यायिक निर्णयों का सम्मान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और न्याय आधारित व्यवस्थाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन कर्तव्यनिष्ठा, सेवा, न्याय और राष्ट्र गौरव का संदेश देता है, जो सदैव समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इंदौर नगर निगम द्वारा अर्जित उपलब्धियां की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास को नई गति मिली है। श्री भार्गव ने कहा कि बीते एक वर्ष में डिजिटल इंदौर के माध्यम से शहर ने पूरे देश के सामने डिजिटल सिटी का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और सहयोग से इंदौर ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। महापौर श्री भार्गव ने बताया कि इंदौर देश की पहली नगर निगम बनी है जिसने अपना 60 मेगावाट का सोलर पार्क स्थापित किया है। साथ ही मध्यप्रदेश डिस्कॉम के सहयोग से शहर में 31 हजार छतों पर सोलर रूफटॉप लगाकर लगभग 233 मेगावाट बिजली उत्पादन का रिकॉर्ड भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जनभागीदारी की प्रेरणा से इंदौर ने सफाई व्यवस्था के डिजिटलीकरण, कपड़े से कपड़ा बनाने, एनिमल कारकस प्रबंधन सहित अनेक नवाचारों को अपनाया है, जो देश में अग्रणी उदाहरण बने हैं। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के त्याग, सेवा, तपस्या, संघर्ष और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की प्रेरणा सदैव इंदौर को आगे बढ़ाती रहेगी।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजवाड़ा में किया माल्यार्पण

- देवी अहिल्याबाई के आदर्शों और लोककल्याणकारी दृष्टिकोण को आत्मसात कर मध्यप्रदेश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव,

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति, सुशासन और लोककल्याण की अद्वितीय प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, सुशासन, लोकसेवा और जनकल्याण के उच्चतम मानक स्थापित किए। उन्होंने प्रजा के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए कार्य किया। उनकी प्रशासनिक दक्षता, दूरदर्शिता, करुणा और न्यायप्रियता आज भी शासन-प्रशासन के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास के नए आयाम



स्थापित कर रहा है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों और लोक कल्याणकारी दृष्टिकोण को आत्मसात कर मध्यप्रदेश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने केवल मालवा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में धर्म, संस्कृति और लोककल्याण के कार्यों को नई दिशा दी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों, विचारों और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनकी गौरवशाली विरासत को संरक्षित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकमाता का जीवन सेवा, समर्पण और सुशासन का जीवंत उदाहरण है, जिससे वर्तमान पीढ़ी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा, सुश्री उषा ठाकुर, डॉ. निशांत खरे, श्री गौरव रणदिवे, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह सहित बड़ी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पर संवाद

# वक्ता बोले- एल्गोरिदम की गुलाम हो गई डिजिटल पत्रकारिता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मातृभाषा उन्नयन संस्थान ने रविवार को इंदौर प्रेस क्लब सभागार में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल पत्रकारिता अब एल्गोरिदम की गुलाम होती जा रही है और पाठकों की वास्तविक पसंद पीछे छूट गई है। पत्रकारिता अब टीआरपी, व्यूज और ट्रेंड्स पर आधारित होती जा रही है, जो उसके पतन का कारण बन रही है।**




वक्ताओं ने कहा कि कुंभ जैसे आयोजनों में मोनालिसा और 'आईआईटी बाबा' जैसे विषयों पर सबसे अधिक व्यूज आना यह सवाल खड़ा करता है कि समाज आखिर क्या देखना चाहता है। यदि समाज को उसकी पसंद के मुताबिक केवल वही परोसा जाएगा, तो वह उन्नति की बजाय पतन की ओर बढ़ेगा। जयदीप कर्णिक ने कहा कि पिछले ढाई दशक में पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदला है। तकनीक शेर की सवारी की तरह है, यदि आप उस पर सवार हैं तो वह आपकी गुलाम है, लेकिन यदि वह आप पर सवार हो जाए तो वही तकनीक आपको निगल सकती है। उन्होंने कहा कि यदि आपके पास हुनर है तो आईटी आपके लिए उपयोगी है, लेकिन यदि आप केवल एआई के भरोसे हैं तो यह एक ऐसा गुब्बारा है, जो कभी भी फूट सकता है। उन्होंने कहा कि एआई केवल पत्रकारिता ही नहीं, बल्कि मानवता के लिए भी चुनौती बन सकता है। इसके उपयोग को लेकर सजग रहने की जरूरत है और इसका विध्वंसकारी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

वहीं वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार ने कहा कि यदि तकनीक को बोझ समझा गया तो इस दौर में पिछड़ना तय है। पत्रकारिता में टिके रहने के लिए खुद को लगातार अपडेट करना जरूरी है। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद तिवारी ने कहा कि एआई का दौर पत्रकारिता के लिए कई मायनों में फायदेमंद है। इस तकनीक ने काम को आसान बनाया है। समय के साथ बदलना और उसके साथ चलना जरूरी है।

पत्रकार भुवनेश सेंगर ने कहा कि पत्रकारिता के 200 वर्षों की यात्रा में कई बड़े बदलाव आए हैं। पहले पत्रकारिता समाज सुधार, देश की आजादी और जनजागरण का माध्यम थी, लेकिन अब कुतर्कों पर आधारित पत्रकारिता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एआई से ज्यादा जरूरी अपनी प्राकृतिक बुद्धिमत्ता को मजबूत करना है। अब रिपोर्टर नाम की संस्था को बचाने की जरूरत है। पत्रकारिता अब एक इवेंट में बदलती जा रही है और 'तुमको जो हो पसंद वही बात करेंगे' की तर्ज पर चल रही है। कार्यक्रम में मातृभाषा उन्नयन संस्थान के अध्यक्ष अर्पण जैन अविरल ने विषय प्रस्तावना रखी। इस अवसर पर 'ई साहित्य ग्राम डॉट कॉम' वेबसाइट का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशुल व्यास ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कीर्ति मेहता ने किया।

## एक छात्र ने लगाई फांसी

● दो दिन पहले पुलिस ने चालान बनाकर की थी बाइक जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह तनाव में था। दो दिन पहले पुलिस ने शराब के नशे में चालान बनाकर उसकी बाइक जब्त कर ली थी। छात्र को चिंता इस बात की थी कि यह बात उसके परिवार के लोगों को पता न चले।**



भंवरकुआं क्षेत्र के हॉस्टल में रहने वाले छात्र राजू पिता दिनेश निनामा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की। वह एक निजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। पहले वह गांव में ही रहता था, लेकिन एक माह पहले ही वह हॉस्टल में रहने आया था। कॉलेज जाने के लिए वह गांव से बाइक भी लेकर आया था। दो दिन पहले शराब के नशे में वह जा रहा था, तभी पुलिस ने उसकी बाइक रोकी और उसकी जांच की थी। वह शराब के नशे में मिला था। पुलिस ने चालान बनाकर उसकी बाइक जब्त कर थाने पहुंचा दी थी। इसके बाद से ही वह तनाव में था। शनिवार दोपहर वह देर तक हॉस्टल के कमरे से नहीं निकला तो संचालक ने कमरे का दरवाजा खुलवाया। वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसे फंदे से निकाल कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और जांच शुरू की। परिजनों का कहना है कि बाइक जब्त करने के कारण वह तनाव में था। शराब के नशे में होने की बात परिजनों को न पता चले, इस कारण वह डर गया था और उसने आत्महत्या का कदम उठा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेप केस से आहत युवक ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा में रहने वाले एक युवक ने रविवार को जहर खाकर जान दे दी। बताया जाता है कि उसने सुसाइड के पहले कई लोगों को मैसेज किए। वहीं युवती को भी मैसेज कर इस बात की जानकारी दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय भेजा गया।**



हीरानगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम विकास(38) पुत्र नंदू निवासी गली नंबर 6 है। विकास ने रविवार को जहर खा लिया था। जान देने के पहले उसने एक युवती को मैसेज किया। उसने उसके साथ गलत होने की बात कही। कई मैसेज उसने युवती से जुड़े अन्य लोगों को भी भेजे। इसके बाद कनेक्श्वरी मैदान के यहां जहर खा लिया। पुलिस उसे तीन मंजिला अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन उसकी जान बच पाई। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक विकास ने सुसाइड के पहले मुकेश महेले और खुद पर आरोप लगाने वाली प्रेमिका को मैसेज किए। एक अन्य वकील को भी मैसेज किए। इसके बाद उसने अपनी जान दे दी। उसने अपना वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसने मेसेज मे सेंधवा के कई पुलिसकर्मियों पर भी प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। विकास के खिलाफ तीन साल पहले युवती ने अपने ब्रॉयफ्रेंड मुकेश के साथ मिलकर रेप का केस दर्ज करा दिया था। इसके बाद लगातार उसे धमकी मिल रही थी। वह कोर्ट पेशी पर भी जाता था। परिवार के लोगों ने बताया कि विकास पहले युवती के साथ लिवइन में रहता था। उसकी नौकरी भी युवती के कारण छूट गई थी। लेकिन उसने बाद में शादी बात से इंकार कर दिया।

## लड़की पर ब्लेड और बोतल से हमला

### पुरानी रंजिश में तीन युवतियों ने लिया बदला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते तीन युवतियों ने एक युवती पर ब्लेड और कांच की बोतल से हमला कर दिया। हमले में युवती घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



एमआईजी पुलिस के अनुसार नेहरू नगर निवासी आरूषि ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने दो दोस्तों के साथ सरपंच कैफे पर चाय पीने गई थी। इसी दौरान वैष्णवी, नेहा और अच्छू वहां पहुंचीं और पुराने विवाद को लेकर उससे बहस करने लगीं। आरूषि के मुताबिक विवाद बढ़ने पर तीनों युवतियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि वैष्णवी ने ब्लेड से उसके चेहरे और हाथ पर वार किया, जबकि नेहा ने जूस की कांच की बोतल उसके सिर पर मार दी। घटना में उसे गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान मौके पर मौजूद एक युवती और युवक ने आरूषि का बचाव किया। इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। आरूषि ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले वैष्णवी का उसकी एक सहेली के साथ मारपीट को लेकर विवाद हुआ था। इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने तीनों युवतियों से बातचीत बंद कर दी थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते उस पर हमला किया गया। एमआईजी पुलिस ने आरूषि की शिकायत पर वैष्णवी, नेहा और अच्छू के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खुद को फौजी बताकर महिला बाउंसर और पति को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खुद को फौजी बताने वाले कार सवार पांच युवकों ने महिला बाउंसर और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। झगड़ा होते देख जब कुछ लोग दंपती को बचाने आए तो युवकों ने उनसे भी झड़प की। आरोप है कि भागते समय उन्होंने भीड़ पर कार चढ़ाने की कोशिश की। कुछ कार को भी टक्कर मार दिए, जिससे उनके शीशे टूट गए। इस बीच कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर में जा घुसी। इसके बाद युवक वहां से भाग गए।

विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के मुताबिक, महिला बाउंसर रिमझिम बारोसा ने बताया कि शनिवार रात वे पति शिखर के साथ महालक्ष्मी नगर मेले से घर लौटी रही थी, तभी बॉम्बे हॉस्पिटल के पास कार सवारों ने उन्हें कट मारा। ऑब्जेक्शन लेने पर वे विवाद करने लगे। फिर सत्यसाईं चौराहे पर रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होते देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और दंपती को बचाने का प्रयास किया। विवाद बढ़ने पर भीड़ और युवकों के बीच भी झड़प हो गई। इस दौरान कार सवार युवकों ने वाहन दौड़ाकर निकलने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवकों ने कार से लोगों को टक्कर मारने की कोशिश की। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर में घुस गई। बाद में क्रेन की मदद से कार को हटाया गया। वहीं, पुलिस ने कार को जब्त कर थाने पहुंचा दिया है।टीआई ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी सत्यापित कर रही है कि कार में सवार युवक वास्तव में सैन्यकर्मी हैं या नहीं। मामले में संबंधित पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टक्कर का बहाना बनाकर ऑटो चालक से मोबाइल लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक ऑटो चालक के साथ लूट की वारदात सामने आई है। आरोपी ने सड़क पर टक्कर का बहाना बनाकर चालक को रोका और बातचीत के दौरान उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-एफ, कुमेड़ी कांकड़ निवासी अमन वर्मा की शिकायत पर एक्टिवा क्रमांक MP-09-EA-5522 पर सवार अज्ञात युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अमन वर्मा ने पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपनी ऑटो लेकर मरीमाता क्षेत्र से देवास नाका की ओर जा रहा था। इसी दौरान परदेशीपुरा पेट्रोल पंप के सामने एक युवक ने उसे रोक लिया। युवक ने आरोप लगाया कि ऑटो की टक्कर उसकी एक्टिवा से हो गई है और वह नुकसान की बात को लेकर बहस करने लगा। इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर अमन के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और एक्टिवा पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने परदेशीपुरा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है और एक्टिवा के नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी तक जल्द पहुंचा जा सके।

एमपी की राजनीति में "टपोरी लाल' की एंट्री!

# जीतू पटवारी के तंज पर भड़के सीएम, बोले- 'कांग्रेस का दो कौड़ी का अध्यक्ष'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर, एजेंसी। एमपी में सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। उन्होंने पटवारी को 'दो कौड़ी का अध्यक्ष बताते हुए 'टपोरी लाल' तक कह डाला। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को नेता ही नहीं मिल रहे, इसलिए चुनाव हारने वाले नेताओं को प्रदेश की कमान सौंप दी है।**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीच जुबानी जंग अब बेहद तीखी हो गई है। शुजालपुर पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जीतू पटवारी के 'अभिनंदन लाल' वाले तंज पर करारा पलटवार करते हुए उन्हें 'टपोरी लाल' और 'दो कौड़ी का प्रदेश अध्यक्ष' कह डाला। सीएम ने इंदौर लोकसभा चुनाव के घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस को उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं और वह अपने कर्मों का फल भुगत रही है। उन्होंने कहा कि 'मैं अभिनंदन लाल तो तुम टपोरी लाल। कांग्रेस को तो नेता ही नहीं मिल रहे। शुजालपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने जीतू पटवारी के 'अभिनंदन लाल' वाले तंज का बेहद आक्रामक अंदाज में जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने मंच से दो टूक लहजे में कहा, हां, हम तो अभिनंदन लाल हैं, लेकिन तुम टपोरी लाल हो। डॉ. यादव यहीं नहीं रुके, उन्होंने जीतू पटवारी की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाते हुए उन्हें 'दो कौड़ी का अध्यक्ष' तक कह डाला। मुख्यमंत्री ने तंज कसा कि कांग्रेस के इतिहास में ऐसा अध्यक्ष कभी नहीं देखा गया, जिसके रहते इंदौर जैसी बड़ी लोकसभा सीट का उम्मीदवार ही ऐन वक्त पर मैदान छोड़कर भाग गया हो। सीएम यादव ने जीतू पटवारी की चुनावी हार को ढाल बनाते हुए कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो नेता अपनी खुद की विधानसभा सीट नहीं बचा पाया और 40 हजार वोटों के बड़े अंतर से चुनाव हार गया, उसे आज कांग्रेस ने सूबे की कमान सौंप रखी है। कांग्रेस आज अपने ही कर्मों का फल भुगत रही है। पूरे प्रदेश से इनका जनाधार पूरी तरह सिमट चुका है। हालात ये हैं कि इस पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए ढंग के उम्मीदवार तक नसीब नहीं हो रहे हैं, और ये सिर्फ विकास कार्यों का विरोध करने में लगे हैं। इस पूरे की शुरूआत सतना में कांग्रेस के एक कार्यक्रम से हुई थी। इसमें युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को घेरने के लिए नया नाम दिया था। पटवारी ने भरे मंच से जनता से पूछा था कि मुख्यमंत्री को कौन-कौन जानता है? इसके बाद उन्होंने तंज कसते हुए सीएम को 'मोहन लाल अभिनंदन यादव' कहा था। सीएम ने आज शुजालपुर में इसी बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

## 3 बेटियों को कीटनाशक खिलाया, फिर खुद भी खाया : चारों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी**। शहडोल में महिला ने अपनी तीन बेटियों को कीटनाशक खिला दिया, फिर खुद भी निगल लिया। इससे चारों की तबीयत बिगड़ गई। बड़ी बेटी ने घर से बाहर आकर पड़ोसियों को पुकारा। सारी बात बताई।

पड़ोसी चारों को लेकर ब्यौहारी अस्पताल भागे। जहां डॉक्टरों ने महिला और छोटी दो बेटियों को मृत घोषित कर दिया जबकि बड़ी बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मामला हिरवार गांव में रविवार का है। मृतकों की पहचान अनिता सिंह (32) और उसकी बेटियों- रितिका (7), कृष्णकुमारी (4) और अर्पिता (2) के रूप में हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि अनिता का पति ड्राइवर है। रोजी-रोटी कमाने दूसरे शहर गया है। घटना के समय घर में मां-बेटियां ही थीं। सूचना मिलते ही पपौंध थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पड़ोसियों के बयान दर्ज किए। महिला के पति को फोन कर जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मौके से अल्मोनियम सल्फाइड का पैकेट मिला है। मामले की सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया- अनीता अपने बच्चों को लेकर सास, ससुर से अलग रहती थी। पति उसे खर्च के लिए पैसे भेजता था। इसके अलावा वह खुद भी मजदूरी करती थी। पुलिस अब अनीता के मायकेवालों के बयान दर्ज करेगी, ताकि घटना का कोई सुराग मिल सके।

### दाल खाने से परिवार के 6 लोगों को उल्टी-दस्त

**छतरपुर, एजेंसी**। छतरपुर जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बंधवार में फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। घर में बनी चने और उड़द की दाल खाने के बाद एक ही परिवार के 6 सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। सभी को अचानक तेज उल्टी और दस्त शुरू हो गए, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बावजूद हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर सभी मरीजों को छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार शनिवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने घर पर बनी चने और उड़द की दाल खाई थी।

### तम्बाकू और धूम्रपान से दूर रहें : मुख्यमंत्री

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से तंबाकू और धूम्रपान से स्वयं को दूर रखने और स्वस्थ जीवन के लिए दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तंबाकू का सेवन अनेक बीमारियों की जड़ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि यह दिवस धूम्रपान से दूर रहने के लिए हम सबको प्रेरित और जागरूक करता है।

## विधायक ने 13 गुर्जरों के हत्यारे डकैत को बताया दोस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी**। शिवपुरी जिले की पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने 13 गुर्जरों को लाइन में खड़ा कर गोलियों से भून देने वाले कुख्यात डकैत को अपना दोस्त बताया। उन्होंने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर डकैत रामबाबू गड़रिया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।



भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने कहा- हम एक-दूसरे के सुख-दुख के साथी थे। रामबाबू की परिस्थितियों को मैं अच्छी तरह जानता था। समाज के कुछ लोगों ने उसे इतना प्रताड़ित किया कि वह डकैत बनने पर मजबूर हो गया। अन्यथा रामबाबू ऐसा व्यक्ति नहीं था, जो डकैत बनता। प्रीतम लोधी ने ये बातें शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित पाल-बघेल समाज के कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में लोकगायक मनोज बघेल भी मौजूद रहे। समारोह में समाज के हजारों लोग शामिल हुए। विधायक के इस बयान के बाद एक बार फिर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। प्रीतम लोधी इससे पहले भी अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रह चुके हैं। हाल ही में उन्होंने करैरा के SDOP डॉ. आयुष जाखड़ को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था- करैरा तेरे डैडी का नहीं है, एसडीओपी। करैरा आएगा और चुनाव भी लड़ेगा। अगर तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना।

अहिल्याबाई जयंती रैली के दौराव उपद्रव

## ट्रैक्टर-बाइक्स से स्टंटबाजी, पुलिस ने रोका तो की अभद्रता, पथराव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी**। ग्वालियर के उपनगर मुरार के रामलीला मैदान में रविवार दोपहर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर पाल-बघेल समाज द्वारा आयोजित वाहन रैली के दौरान भारी हंगामा और पथराव हो गया।



रैली में शामिल कुछ हुड़दंगी युवाओं द्वारा सरेराह ट्रैक्टर और बाइकों से स्टंट किए जा रहे थे। कुछ युवा तलवार व लाठी-लुहांगी लेकर आए थे। मौके पर तैनात पुलिस बल ने इस हुड़दंग को रोकने और रैली में खुलेआम लहराए जा रहे तलवार-लाठियों को जब्त करने का प्रयास किया, तो उपद्रवी युवक पुलिस से ही भिड़ गए। बदमाशों ने न सिर्फ पुलिस से अपने वाहन जबरन छुड़ाने का प्रयास कि, बल्कि पथराव भी कर दिया। इस पथराव में पुलिस की गाड़ियों के कांच टूट गए और कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। पुलिस ने भी काबू पाने के लिए मोर्चा संभाला और उपद्रवियों को सबक सिखाया है। इस दौरान पाल-बघेल समाज से एक युवक घायल हुआ है। उसने पुलिस पर ही बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है।रविवार दोपहर पाल-बघेल समाज के सैकड़ों लोग लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 301वीं जयंती पर वाहन रैली निकालने के लिए मुरार रामलीला मैदान में एकत्रित हुए थे। वाहन रैली निकालने के लिए पाल-बघेल समाज के एक वर्ग ने मना भी किया था, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईंधन बचाने की अपील की थी। इसके बाद भी समाज का एक धड़ा पाल-बघेल समाज की शान अहिल्यादेवी की जयंती पर रैली निकालने के पक्ष में था।होल्कर सेना के अध्यक्ष दिनेश बघेल, अन्य समाज के सदस्य हेमंत पाल, धीरू पाल, कैलाश पाल व मदन पाल ने जिला प्रशासन से रैली की विधिवत इजाजत ली थी। जिसमें बताया गया था कि किसी तरह का शस्त्रों का उपयोग नहीं किया जाएगा।रैली में शामिल कुछ सिरफिरे युवक और नाबालिग अपनी बाइकों की रफ्तार बढ़ाकर खतरनाक स्टंट करने लगे। हद तो तब हो गई जब कुछ उत्साही युवाओं ने एक ट्रैक्टर पर 8 से 10 लोगों को ऊपर बैठाकर रामलीला मैदान के बीचों-बीच ट्रैक्टर को दो पहियों पर उठाने और गोल-गोल घुमाने जैसे जानलेवा स्टंट शुरू कर दिए।

## एसी कोच में चूहों का आतंक!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी,एजेंसी**। एसी कोच में सफर के लिए यात्री ज्यादा किराया इसलिए चुकाते हैं, ताकि उन्हें बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित यात्रा मिल सके। लेकिन अगर उसी एसी कोच में चूहे आपका सामान कुतर दें, तो जिम्मेदार कौन होगा? जी हां, ऐसा ही एक मामला कटनी जिले से समाने आया है, जहां जिला उपभोक्ता आयोग ने एक यात्री के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रेलवे को सेवा में कमी का दोषी माना और फरियादी को 15 हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश जारी किया है। पूरा मामला कटनी निवासी विपिन दुबे से जुड़ा है, जिन्होंने वर्ष 2020 में कटनी से कल्याण तक तीन-एसी कोच में यात्रा की थी। इसी सफर के दौरान सीट के नीचे रखा उनका बैग चूहों ने कुतर दिया। जिससे बैग में रखे कपड़े और अन्य सामान खराब हो गए। घटना से नाराज यात्री ने तत्काल ही ट्रेन के ऑन ड्यूटी टीटीई और रेलवे अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया था।

# संपादकीय

## जल सुरक्षा की दिशा में भारत का बड़ा कदम

केंद्र सरकार ने चिनाब नदी के अतिरिक्त पानी को ब्यास बेसिन में मोड़ने के लिए 31 जुलाई 2029 की समय सीमा तय की है। लगभग 2352 करोड़ रुपये की यह महत्वाकांक्षी चिनाब-ब्यास लिंक टनल परियोजना हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में स्थित है। 8.7 किलोमीटर लंबी इस सुरंग के माध्यम से चिनाब नदी के अतिरिक्त पानी को ब्यास बेसिन प्रणाली की ओर मोड़ा जाएगा, जिससे पाकिस्तान में जाने वाले पानी का प्रवाह कम हो जाएगा। बता दें कि चिनाब एक पश्चिमी नदी है जिस पर सिंधु जल संधि के तहत भारत के सीमित अधिकार थे। लेकिन पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत ने इस संधि का उल्लंघन किया है। सीएनएन न्यूज-18 की रिपोर्ट के मुताबिक लिंक-3 परियोजना हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले की लाहौल घाटी में चेनाब नदी पर प्रस्तावित है। वर्तमान प्रस्ताव में, चेनाब नदी पर 19 मीटर ऊंचा बैराज, इंटेक और लगभग 8.7 किलोमीटर लंबी जल परिवहन सुरंग के निर्माण की प्लानिंग की गई है। इसके अतिरिक्त, परियोजना के द्वितीय चरण में जलविद्युत उत्पादन की संभावना भी है। जलमार्ग परिवर्तन स्थल कोसकर गांव के पास और अटल सुरंग रोहतांग के उत्तरी प्रवेश द्वार के ऊपर की ओर स्थित है। इस परियोजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह परियोजना केवल जलविद्युत या इंजीनियरिंग से संबंधित नहीं है, बल्कि पश्चिमी नदियों के जल के उपयोग को अनुकूलित करने के बारे में भी है। सिंधु जल संधि के रद्द होने के बाद, भारत द्वारा पाकिस्तान की ओर बहने वाले पानी का उपयोग अपने फायदे के लिए करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। भारत अब ज्यादा पानी का उपयोग कर पाएगा। वहीं, पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी का प्रवाह कम हो जाएगा। भारत सरकार के इस फैसले से लगभग 4000 मेगावाट अतिरिक्त पनबिजली का उत्पादन होगा और उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, और राजस्थान में सिंचाई तथा पेयजल की सुविधा बढ़ेगी। 1960 की सिंधु जल संधि के तहत चिनाब का अधिकांश पानी पाकिस्तान के हिस्से में दिया गया था, जिसका उपयोग वह विशाल नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए करता है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद जैसे ही यह जल संधि टूटी तो भारत अब अपनी सीमा में चिनाब के पानी का अधिकतम उपयोग कर रहा है। भारत अतिरिक्त पानी को सुरंगों के जरिए अपनी ओर मोड़ने की परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इससे भारत की जल और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो रही है।

## सैर सपाटा

# बारिश के मौसम में घूमने के लिए बेस्ट मानी जाती हैं ये 5 जगह, एक बार जरूर करें यहां का ट्रिप प्लान





बारिश के मौसम में प्रकृति का रूप देखने लायक होता है। इस समय पर हरियाली चारों तरफ फैल जाती है और पहाड़ों को छूते बादल और बहते झरने मन खुश कर देते हैं। इस मौसम में प्रकृति हरी-भरी हो जाती है, झरने जीवंत हो उठते हैं और चारों तरफ धुंध और बादल छा जाते हैं। जिन लोगों को बारिश पसंद होती है, वह इस मौसम को मिस किए बिना सुहावने मौसम में बाहर निकलना चाहते हैं और एन्जॉय करना चाहते हैं। ऐसे में हम आपको उन जगहों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें ज्यादातर लोग बारिश के मौसम में घूमना पसंद करते हैं। यहां जानिए बारिश में घूमने के लिए किन जगहों को बेस्ट माना जाता है।

### 1) उदयपुर, राजस्थान



झीलों की नगरी उदयपुर बारिश के मौसम में खिल जाती है। रेगिस्तानी राज्य होने के बावजूद, मानसून में उदयपुर का मौसम बेहद सुहाना हो जाता है। पिछोला झील के बीच बने महलों पर गिरती बारिश की बूंदें इसे बेहद रोमांटिक बनाती हैं। अपने पार्टनर के अलावा आप परिवार के साथ भी यहां जा सकते हैं।

### 2) मांडू, मध्यप्रदेश



इस जगह पर इतिहास और प्रकृति का मेल देखने को मिलता है जो मानसून में कहीं और नहीं दिखता। बारिश में यहां के ऐतिहासिक महल, तालाब और पहाड़ियां इतने जीवंत हो उठते हैं जो सालभर में कभी नहीं दिखते। रूपमती मंडप और जहाज महल के खंडहर बारिश में धुले हुए बेहद खूबसूरत नजर आते हैं।

### 3) शिलॉग, मेघालय



इसे पूर्व का स्कॉटलैंड कहा जाता है। मानसून में यहां की उमियम झील और एलीफेंट फॉल्स देखने लायक होते हैं। इसके अलावा यहां बादलों के बीच से गुजरती सड़कें आपको किसी दूसरी दुनिया का अहसास करवा सकती हैं।

### 4) चिकमगलूर, कर्नाटक



कॉफी लैंड के नाम से मशहूर चिकमगलूर बारिश के दिनों और भी ज्यादा सुंदर दिखता है। बारिश की बूंदों के बीच कॉफी के बागानों में घूमना और मुलायनगिरी चोटी के रास्तों पर ट्रेकिंग करना एक जादुई अनुभव देता है। बारिश के दिनों में ये जगह एक हरे-भरे स्वर्ग में बदल जाता है।



### ● 5) महाबलेश्वर और पंचगनी, महाराष्ट्र

मानसून के दौरान यहां की पहाड़ियां पूरी तरह धुंध से ढक जाती हैं। यहां विल्सन पॉइंट और वेन्ना झील का नजारा इस मौसम में बेहद खूबसूरत लगता है। इस समय पर यहां के झरने अपनी पूरी रफ्तार में होते हैं।

**नोट- बारिश के दिनों में किसी जगह को एक्सप्लोर करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन सुहावने मौसम में शांति से समय बिताने के लिए ये एक बेहतरीन जगह है।**

New Delhi

# सावधान! UP समेत 6 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी, आंधी और ओले का अलर्ट

**नई दिल्ली। मॉनसून के आगे बढ़ने के साथ देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मैदानों में हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया है, जबकि पहाड़ी इलाकों में परेशानी बढ़ गई है। हालांकि, अब तक मॉनसून की एंट्री का आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। मॉनसून के केरल पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून है।**

आईएमडी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत दक्षिण भारत के कई राज्यों में अगले कुछ दिनों के दौरान भारी बारिश, आंधी की चेतावनी जारी की है। पूर्वोत्तर राज्यों नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय और



अरुणाचल प्रदेश में सप्ताहभर हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। वहीं दक्षिण भारत के कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने का अनुमान है।

उत्तर-पश्चिम भारत के जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में भी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा। राजस्थान के कुछ हिस्सों में धूलभरी आंधी और 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी संभावना है। वहीं मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ क्षेत्र में भी बारिश और गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं।

Uttarpradesh

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## कंटेनर में पीछे से घुसी कार, महिला समेत तीन की मौत; पांच की हालत गंभीर



**आगरा, (एजेंसी)** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में महिला समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बच्चे सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भयावह था कि कार कंटेनर में पूरी तरह फंस गई और उसके परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा की टीम ने करीब आधे घंटे तक राहत एवं बचाव अभियान चलाकर घायलों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक राजस्थान के चूरू निवासी सोहेब पुत्र सलीम कार चला रहा था। कार में सवार सभी लोग बिहार से राजस्थान लौट रहे थे। कार में परमिला (31), पूजा कुमारी (32), राजू (35), अयांश (6) सहित कुल आठ लोग सवार थे। रविवार रात जैसे ही करीब दो बजे थाना फतेहाबाद क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 36.700 पर पहुंचते ही तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार कंटेनर के पिछले हिस्से में पूरी तरह घुस गई। हादसे के बाद कंटेनर चालक करीब 50 मीटर तक कार को घसीटता हुआ ले गया। घटना की जानकारी होने पर चालक कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

Uttarpradesh

## यूपी में अब कबड्डी की नेशनल खिलाड़ी की अपहरण कर हत्या, कंकालनुमा शव बरामद

**मेरठ, (एजेंसी)** यूपी में अब नेशनल कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का की हत्या कर दी गई है। फास्टफूड की दुकान चलाने वाले एक युवक ने अपहरण के बाद हत्या कर दी। अनुष्का का 15 अप्रैल को अपहरण किया गया था। उसी रात ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। इसके बाद लाश को रोहटा रोड स्थित नाले में फेंक दिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद रविवार रात हत्या का खुलासा हुआ। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने अनुष्का का कंकाल नुमा शव रोहटा रोड के नाले से बरामद कर लिया है। इससे पहले गाजियाबाद में पैरा एथलीट गौरव त्यागी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के चिरौड़ी गांव निवासी अनुष्का पुत्री नेमपाल कबड्डी की नेशनल खिलाड़ी थी और फिलहाल कंकरखेड़ा के शोभापुर में किराए पर रह रही थी। अनुष्का कंकरखेड़ा में ही कृष्णा पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा थी। वह 15 अप्रैल की रात को लापता हो गई थी। 16 अप्रैल को कंकरखेड़ा थाने में अनुष्का के पिता नेमपाल ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

Bihar

## पटना में देर रात गैस सिलेंडर वेंडर की हत्या बाइक से आए बदमाशों ने गोलियों से भूना

**पटना, (एजेंसी) पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल बन गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आसपास के इलाकों में छापेमारी कर रही है.**

जानकारी के अनुसार घटना दानापुर के नासरीगंज स्थित बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ के पास की है. बताया जा रहा है कि मृतक गैस सिलेंडर वेंडर का काम करता था और देर रात किसी काम से इलाके में मौजूद था. इसी दौरान बाइक सवार अपराधी वहां पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं. गोली लगते ही वह गंभीर रूप



से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा. गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे. स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर थी. चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे.

खेल

## आरसीबी ने फिर जीती ट्रॉफी: लगातार दो खिताब जीतने वाली तीसरी टीम, 13वीं बार क्वालिफायर-1 की विजेता ही बनी चैंपियन

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को हराकर आईपीएल 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। आरसीबी ने इस तरह लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया और वह टूर्नामेंट के इतिहास की चौथी सबसे सफल टीम बन गई। आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराया। गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 155 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी ने 18 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीता।



आरसीबी के लिए एक बार फिर विराट कोहली जीत के हीरो बनकर उभरे। कोहली 42 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 75 रन बनाकर नाबाद रहे। कोहली अंत तक टिके रहे और उन्होंने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के लिए कोहली के साथ वेंकटेश अय्यर पारी की शुरुआत करने उतरे। वेंकटेश इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे। इन दोनों बल्लेबाजों ने तेजी से खेलना शुरू किया और गुजरात के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। वेंकटेश और कोहली के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई, लेकिन पांचवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने वेंकटेश को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वेंकटेश 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (1), कप्तान रजत पाटीदार (15) और क्रुणाल पांड्या (1) के विकेट गंवाए। आरसीबी ने 91 के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे और लग रहा था कि यहां से गुजरात मैच फंसा सकती है, लेकिन सामने कोहली खड़े थे और उन्होंने गुजरात के गेंदबाजों का बेहतरीन तरीके से सामना किया। गुजरात के लिए राशिद खान ने दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और अरशद खान को एक-एक विकेट मिला।

आरसीबी आईपीएल की चौथी सफल टीम बन गई है। आईपीएल में सबसे ज्यादा खिताब जीतने का रिकॉर्ड सीएसके और मुंबई इंडियंस के नाम है। इन दोनों टीमों ने पांच-पांच खिताब अपने नाम किए हैं। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) तीन बार इस टूर्नामेंट की विजेता बन चुकी है। अब आरसीबी दो ट्रॉफी के साथ चौथी सफल टीम बन गई है।

इससे पहले, आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के मददगार मानी जाती है, लेकिन गुजरात के बल्लेबाज इस पिच पर संघर्ष करते नजर आए। सिर्फ वाशिंगटन सुंदर ही बड़ी पारी खेल सके जिन्होंने खुद को मिले जीवनदान का फायदा उठाया और अर्धशतक लगाने में सफल रहे। गुजरात की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के आधे बल्लेबाज 100 से भी कम के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। गुजरात का शीर्ष क्रम उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है, लेकिन इस मैच में शीर्ष तीन बल्लेबाज फ्लॉप साबित रहे।

सिनेमा

## 'अल्फा' के सेट पर आलिया भट्ट से हुई बहस? झगड़े पर बॉबी देओल ने तोड़ी चुप्पी



बॉबी देओल और आलिया भट्ट जल्द स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में नजर आएंगे. मूवी की शूटिंग जोरो शोरों से चल रही है. इस दौरान सुनने में मिला कि सेट पर आलिया और बॉबी के बीच टशन देखने को मिल रहा है. दोनों के बीच अनबन होने की खबरें आईं. एक्टर्स के बीच विवाद की ये खबर कितनी सच है, इसका खुलासा बॉबी ने एक इंटरव्यू में किया है. एक्टर का कहना है आलिया और उनके बीच कोई झगड़ा नहीं है. बॉबी ने इंडिया टीवी के टॉक शो में अल्फा के सेट का सच बताया है. उन्होंने शूटिंग के दौरान आलिया भट्ट संग नाराजगी होने की अटकलों को खारिज किया है. बॉबी के मुताबिक, जब उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स में आलिया संग झगड़े की न्यूज देखी तो वो खुद भी शॉक्ड थे. रिपोर्ट्स में दावा था कि अल्फा के सेट पर बॉबी और आलिया में झगड़ा हुआ है. दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई है. एक्टर ने इन बातों को सिरे से खारिज किया है. बॉबी ने कहा, मुझे मेरे एक दोस्त ने आलिया संग झगड़े की खबरों का स्क्रीनशॉट भेजा था. मैं भी हैरान हो गया था. लोग कितने खाली हैं कि कुछ भी लिख कर कहानी बना देते हैं. विवाद से इतर बॉबी ने आलिया के काम की तारीफ की. उन्होंने कहा कि वो बेहद प्रोफेशनल हैं.

## Highlights

1. **Matrimonial fraudster using fake IIM profile held in Noida**
2. **Bengaluru may deploy smart machines to clean city roads**
3. **JEE Advanced 2026 results out, Shubham Kumar tops**
4. **Report positive news or youth will follow cockroach: VP to media**
5. **Pahalgam attacker's phone traced to Pak bank where LeT had account: Report**
6. **BJP wins 3 of 4 municipal corporations in HP civic body polls**

# Oman FTA shields key Indian sectors

**NEW DELHI, (Agency).** India has protected its market from imports of over 2,780 tariff lines, including gold and silver bullions, jewellery, dairy, tea, coffee and tobacco, under its free trade agreement with Oman, which will be operational from Monday, officials aware of the development said.

India has offered tariff liberalisation on 77.79% of its over 12,550 tariff lines, covering 94.81% of the country's imports from Oman by value. But multiple tariff lines have been placed in the exclusion list to safeguard manufacturing competitiveness and farmer interests, the officials said, requesting anonymity.

The FTA protects India's sensitive sectors adequately. India has placed 2,789 tariff lines in the exclusion list, including transport equipment, major chemicals, cereals, fruits, vegetables, spices, and animal-origin products, they said.



Sensitive value-chain industries such as rubber, leather, textiles, footwear, petroleum oils and mineral-based products are safeguarded to protect India's manufacturing competitiveness, they said.

"Strategic agricultural products such as dairy, meat, cereals, oilseeds, vegetable oils and sugar remain excluded. Jewellery, precious and non-ferrous metals and petroleum products are also protected," one of the officials said.

A tariff-rate quota (TRQ) has been put to check import of sensitive items for India such as marble, dates, petrochemicals and plastics.

Unlike its FTA with the United Arab Emirates (UAE), India has not liberalised precious metals such as gold under Oman deal. Under India's FTA with the UAE, TRQ-based concessional duty import of gold is allowed. TRQ is a trade mechanism that allows import of only a specific quantity of any specified product to be imported at a concessional tariff.

# IndiGo Sees Room To Raise Airfares Further As Costs Rise

**NEW DELHI, (Agency).** InterGlobe Aviation Ltd. may have room to raise airfares further as travellers continue to absorb higher ticket prices, Chief Executive Officer Rahul Bhatia said, signalling that demand has remained resilient despite a rise in fares.

The airline has already increased fares to offset higher operating costs and has not yet seen a meaningful impact on demand, Bhatia said during IndiGo's earnings call with analysts on Friday.

The comments came as airlines grapple with higher fuel costs and disruptions




linked to geopolitical tensions in the Middle East. The ability to pass higher costs on to passengers is a key factor for airline profitability because it helps protect margins when expenses rise.

"So for us, it is very clear that we need to take fares up to protect ourselves against sort of these additional costs that are showing up," Bhatia said.

The airline has so far found that passengers continue to book despite higher ticket prices. "For the moment, what we are discovering is that the fares are sticking. The demand is there," Bhatia said.

Pricing Strategy

Bhatia suggested the airline would continue testing pricing levels until it begins to see demand respond to higher fares.

"You obviously have to take the pricing up to the point where you start to see elasticity come in," he said. "

## सुशासन की दिशा में वरदान साबित हो रहा विज्ञान - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### इंदौर में हुई तकनीक आधारित सुशासन की नई पहल

# शहर में खोले जाएंगे तीन नए थाने, पुलिस बल की पूर्ति भी की जाएगी

### इंदौर ट्रैफिक साथी' मोबाईल एप का किया शुभारंभ, पुलिस प्रशासन की तीसरी आँख है ड्रोन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश में तकनीक आधारित सुशासन को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के डीआरपी लाईन में 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' का लोकार्पण तथा 'इंदौर ट्रैफिक साथी' मोबाइल एप का शुभारंभ रिमोट द्वारा किया। मुख्यमंत्री ने 18 अत्याधुनिक हाईटेक ड्रोन्स का लोकार्पण कर इन्हें इंदौर पुलिस के बेड़े में शामिल कराया। यह ड्रोन्स पुलिस की तीसरी आंख के रूप में हर वक्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर इंदौर शहर में तीन नए पुलिस थाने खोलने की घोषणा की।**




उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कमी की पूर्ति भी क्रमबद्ध रूप से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर साल पुलिस विभाग के 22 हजार 500 पदों पर भर्ती कर रहे हैं। लगभग सभी पदों पर भर्ती जारी है। हम प्रदेश के हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार हमेशा पुलिस विभाग के साथ है। परन्तु नागरिकों को बेवजह परेशानी या अपने पदीय कर्तव्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक लोगों के हित में है, तो एक चुनौती भी है, इसलिए इसका बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्रोन पुलिस का कान्सेप्ट इंदौर से ही आया है। अब यह सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन में एक नजीर बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर की ऐतिहासिक विरासत और आधुनिक विकास के समन्वय को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी सरकार 'विरासत से विकास' के मार्ग पर चल रही है। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने जिस इंदौर को सेवा, सुशासन और जनकल्याण के जीवन मूल्यों से जोड़ा था, अपनी श्रम साधना से सींचा था, आज वही शहर इंदौर नवाचार और तकनीकी प्रगति के क्षेत्र में देश के लिए उदाहरण बन रहा है। इंदौर में इस तरह के प्रशासनिक क्षेत्रों में आधुनिक नवाचारों का शुभारंभ होना अपार खुशी देता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान वास्तव में सुशासन की दिशा में 'लोक कल्याणकारी राज्य' के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। मध्यप्रदेश सरकार तकनीक से लोगों की तकदीर बदलने, उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और लोकसेवा का नया अध्याय लिखने के लिए प्रतिबद्ध है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' और 'इंदौर ट्रैफिक साथी' एप जैसे नवाचार पुलिस और प्रशासन दोनों को नई ताकत प्रदान करेंगे। आज इंदौर में हुआ यह नवाचार पुलिस और प्रशासन दोनों को बेहतर काम करने की नई ऊर्जा देगा तथा नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल स्मार्ट और सुरक्षित इंदौर की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है, जो तकनीक और सुशासन के बेहतर समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी। आज लोकार्पित ड्रोन्स कानून व्यवस्था की स्थापना में पुलिस के लिए सहायक होंगे, वहीं 'ट्रैफिक साथी एप' वाहन चालकों के लिए बेहद कारगर साबित होगा। इस एप के जरिए वाहन चालक पार्किंग की बेहतर लोकेशन जान सकेंगे। पुलिस कमिश्नर इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इंदौर पुलिस के बेड़े में 18 ड्रोन्स शामिल किए जा रहे हैं। अब इंदौर पुलिस भीड़ के समुचित प्रबंधन में इन अत्याधुनिक ड्रोन्स के बेहतर उपयोग करने के लिये तैयार हो गई है। इन ड्रोन्स से 2 किलोमीटर का दायरा कवर होगा। उन्होंने कहा कि अब हम न सिर्फ ट्रैफिक बल्कि अपराधों पर भी नजर रख सकेंगे। इसका प्रयोग इंदौर में रंगपंचमी पर निकली गेर और बसंत पंचमी पर भोजशाला धार में कानून व्यवस्था के लिए किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इंदौर पुलिस ने 4 हजार 370 लोगों को निःशुल्क हेलमेट बांटे हैं। साथ ही कई प्रकरण आपसी सहमति से निराकृत किये। सीएसआर के तहत पुलिस प्रशासन को 4 अत्याधुनिक तकनीक से लैस मोटर साइकिल और 5 बोलेरो प्राप्त हुई, जिसको मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरी झंडी दी। अब यह सभी वाहन पुलिस के बेड़े में शामिल हो गये। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, श्री मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा, सुश्री उषा ठाकुर, श्री मनोज पटेल, श्री गोलू शुक्ला, श्री श्रवण चावड़ा, श्री गौरव रणदिवे, श्री सावन सोनकर सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी और ट्राफिक प्रहरी उपस्थित थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक